**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**
**FINAL EXAMINATION (2023-24)**
**कक्षा–नवीं हिंदी (ब) कोड संख्या-085**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **Day & Date: Thursday, 22-02-2024 (SET–1)** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :–**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए:

- इस प्रश्न-पत्र में कुल **19** प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं – **खंड अ** और **खंड ब।**
- **खंड 'अ'** में उप प्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक उप प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 उप प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
- **खंड 'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड – अ

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प लिखिए :– (5×1=5)

लोग अक्सर भूल जाते हैं कि आज जिन लोगों की उम्र ने उन्हें असहाय बना दिया है, एक ज़माना वह भी रहा होगा, जब उन सूखे दरख़्तों में हरियाली रही होगी, जिसकी छाँव में न जाने कितने लोग सुकून महसूस करते होंगे। आज जो बूढ़े हैं, कल वे जवान थे और उन्होंने अपने देश, समाज और परिवार के लिए अपनी क्षमता के अनुसार बहुत कुछ किया होगा। बचपन माता-पिता के नियंत्रण में बीतता है, नौजवानी में भी एक भरोसा रहता है कि कोई तो है, ज़रूरत के वक़्त में जिसकी ओर ताका जा सके। फिर जीवन का वह मोड़ आता है, जब माँ-बाप की उम्र जवाब देने लगती है। तब इंसानियत का तक़ाज़ा यही कहता है कि जीवन संध्या में रोशनी करने का काम वे करें, जिनकी भोर को उन्होंने सुनहरा बनाया था। यह सच है कि कमाने खाने की जद्दोजहद ने लोगों को इतना मजबूर कर दिया है कि उनके पास दूसरों के लिए वक़्त नहीं है। सुकून से बैठकर दो बोल बोलना भी अगर वे चाहें तो बोल नहीं पाते। जीवनसाथी के संग कुछ पल बिता भी लें, बाल-बच्चों और माँ-बाबूजी के लिए वक़्त निकालने का मतलब हो सकता है कि पूरी अर्थव्यवस्था बिगड़ जाए।

**(क)** गद्यांश में 'सूखा दरख़्त' किसे कहा गया है?

**(i)** बुज़ुर्गों को **(ii)** सूखे पर्वतों को **(iii)** युवाओं को **(iv)** बेरोज़गार युवाओं को

**(ख)** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए—

कथन (A)— सूखे दरख़्तों की छाँव में न जाने कितने लोग सुकून महसूस करते होंगे।

कारण (R)— जब उन सूखे दरख़्तों में हरियाली रही होगी।

**(i)** कथन(A) ग़लत है, किंतु कारण(R) सही है।

**(ii)** कथन(A) सही है और कारण(R) उसकी सही व्याख्या है।

**(iii)** कथन(A) और कारण(R) दोनों ही ग़लत हैं।

**(iv)** कथन(A) सही है, किंतु कारण(R) उसकी ग़लत व्याख्या है।

**(ग)** लोग अकसर क्या भूल जाते हैं?

(i) अपनी उम्र (ii) जीवनसाथी (iii) बुज़ुर्गों का अपने जीवन में योगदान (iv) पेड़ की छाँव

**(घ)** 'कमाने खाने की जद्दोजहद' से क्या अभिप्राय है?

(i) ग़रीबी का दंश न झेलना (ii) अपनी सुविधाएँ पूरी करना

**(iii)** परेशानी से घर में रहना **(iv)** रोज़ी-रोटी कमाने के लिए संघर्ष करना

**(ङ)** 'भोर को सुनहरा बनाने' से लेखक का क्या अभिप्राय है?

(i) दिन की शुरुआत सही करना (ii) उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना

**(iii)** प्रातः कालीन सूर्य के दर्शन करना **(iv)** सुबह उठकर पूजा-पाठ करना

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प लिखिए :– (5×1=5)

रात कुछ अँधेरी थी और मुझे पहुँचना था, स्टेशन। गाड़ी छूटने में केवल पंद्रह मिनट बाक़ी रह गए थे, किंतु मैं अभी सामान के साथ हथकंडे ही चला रहा था। बात यह है कि मनुष्य एक कार्य में भले ही निपुण हो जाए, दूसरे क्षेत्रों में कोरा मूर्ख ही माना जाता है। मेरी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी होंगी, किंतु बिस्तर बाँधने की क्रिया में स्वयं को सचमुच मूर्ख समझता हूँ। गाड़ी निकली जा रही है और बिस्तर बाँधने के प्रयास में देखता हूँ कि यहाँ-वहाँ गठरी-पुठरी बिस्तर बंद से बाहर को लुढ़क-लुढ़क कर मुझे चिढ़ा रही है। मान लिया तो क्या, नौकर तो न मिल सका, जो ऐसे टेढ़े समय में हाथ ही बँटा सके। लेखक सचमुच भूखे ही मरते हैं, लोग झूठ नहीं कहते। जैसे-तैसे मैं बिस्तर बाँध इक्के में सामान फेंक, स्टेशन की ओर लपका। गाड़ी भक-भक करती हुई मेरी छाती पर मूँग दलती हुई आगे बढ़ी जा रही थी। छोटा-सा स्टेशन, खंभों पर टिमटिमाते मैले से लैंप और उसमें भागा चला आ रहा था— तेज़ रोशनी वाला इंजन। मैं लपककर खिड़की के पास पहुँचा और प्रथम बार सेकंड क्लास का टिकट लेने के लिए हाथ बढ़ाया। टिकट बाबू पहचानता था, बोला, "बाबू! कहाँ जइहो सेकंड क्लास में? पैसा मार लिया दीखे कहीं से।" मुझे मज़ाक बुरा लगा, उसकी बेसिर-पैर की बात बुरी लगी, विशेषकर जबकि गाड़ी स्टेशन पर बढ़ रही थी। मैंने टिकट मुट्ठी में थामा, बिस्तर तो कुली ने थाम रखा था और फाटक के ठीक सामने सेकंड क्लास का डिब्बा देखकर मैं अंदर कूद पड़ा। कुली ने बिस्तर अंदर फेंका और मैंने पैसे बाहर फेंके। डिब्बे में कोई नहीं था— मेरा अहोभाग्य!

**(क)** लेखक की मूर्खता किस घटना से स्पष्ट होती है?

(i) कुली के व्यवहार से (ii) बिस्तर बाँधने की क्रिया से **(iii)** मैले से लैंप से **(iv)** लेखन क्रिया से

**(ख)** 'छाती पर मूँग दलने' से क्या तात्पर्य है?

(i) दाल पीसना (ii) पास रहकर कष्ट देना **(iii)** उत्तेजनापूर्ण बातें करना **(iv)** मूँग की दाल खाना

**(ग)** 'लेखक सचमुच भूखे ही मरते हैं, लोग झूठ नहीं कहते' से लेखक का क्या तात्पर्य है?

(i) लेखन कर्म की स्थिति आर्थिक रूप से कमज़ोर है (ii) मेहनत के पश्चात् सम्मान मिलना

**(iii)** साहित्य अकादमी का पुरस्कार **(iv)** लेखन क्रिया की गरिमा

**(घ)** लेखक को क्या बुरा लगा?

(i) टिकट बाबू की प्रशंसा (ii) टिकट बाबू की व्यंग्योक्ति **(iii)** सेकंड क्लास में यात्रा **(iv)** लेखन-कर्म

**(ङ)** 'मेरा अहोभाग्य!' शब्द का क्या भाव है?

(i) मैं अत्यंत भाग्यशाली हूँ (ii) मेरा भाग्य सबसे कष्टदायक है

**(iii)** मेरा भाग्य सबसे बुरा है **(iv)** ओह मेरे भाग्य! मैं धन्य नहीं हूँ

**प्रश्न 3.** निम्नलिखित शब्द और पद पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए: (2×1=2)

(i) स्वतंत्र एवं सार्थक वर्णों का समूह वाक्य में प्रयुक्त होने पर ______________ बन जाता है।

(क) शब्द (ख) पद (ग) समास (घ) संधि

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(क) शब्द सार्थक होते हैं, पर निरर्थक भी हो सकते हैं। (ख) पद कोश में होते हैं, इनका अर्थ नहीं होता।

(ग) शब्द स्वतंत्र होते हैं, पद वाक्य के अंग होते हैं। (घ) शब्द और पद एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं।

**प्रश्न 4.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **<u>दो</u>** के सही उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए — (2×1=2)

(1) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में अनुनासिक का उचित प्रयोग नहीं हुआ है?

(क) ऊँट (ख) हँस (ग) अँधेरा (घ) आगँन

(2) 'सम्बन्ध' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप लिखिए —

(क) सँबंध (ख) संबँध (ग) संबंध (घ) सबंध

(3) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द / किन शब्दों में अनुस्वार का उचित प्रयोग हुआ है?

(i) बाँट (ii) संत (iii) अकं (iv) संरचना

(क) (ii) और (iv) (ख) (i) और (ii) (ग) केवल (iv) (घ) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **<u>चार</u>** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (4×1=4)

(i) 'बेचैनी' में प्रयुक्त उपसर्ग, मूल शब्द तथा प्रत्यय है —

(क) बेच+अ+इ (ख) बे+चैन+इ (ग) बि+चैन+इ (घ) बे+चैन+ई

(ii) वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं, उन्हें _____ कहते हैं।

(क) प्रत्यय (ख) उपसर्ग (ग) दोनों (घ) कोई भी नहीं

(iii) निम्न में से कौन-सा शब्द 'अन' उपसर्ग से नहीं बना हुआ है?

(क) अनमोल (ख) अनदेखा (ग) अनुवाद (घ) अनसुनी

(iv) यह **<u>समाज की</u>** समस्या है। इस वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित पद के स्थान पर निम्न में कौन-सा प्रत्यययुक्त शब्द प्रयुक्त किया जा सकता है?

(क) समाजी (ख) सामाजिक (ग) समाजिक (घ) समाजीय

(v) 'अपयश' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?

(क) यश (ख) अप (ग) अपय (घ) उप

**प्रश्न 6.** निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **<u>तीन</u>** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (3×1=3)

(i) 'पर + उपकार' की सही संधि है —

(क) परूपकार (ख) परउपकार (ग) परोपकार (घ) परौपकार

(ii) 'इत्यादि' का सही संधि-विच्छेद है —

(क) इत् + यादि (ख) इति + यादि (ग) इत् + आदि (घ) इति + आदि

(iii) 'वन + औषध' की सही संधि है —

(क) वनौषध (ख) वनोषध (ग) वनषध (घ) वनेषध

(iv) 'मुख्यालय' का सही संधि-विच्छेद है —

(क) मुख्या + लय (ख) मुख्य + आलय (ग) मुखिया + आलय (घ) मुख्य + अलय

**प्रश्न 7.** निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (3×1=3)

(1) (—) कोष्ठक में दिए गए विराम चिह्न का नाम क्या है?

(क) निर्देशक चिह्न (ख) अर्द्ध विराम (ग) पूर्ण विराम (घ) त्रुटिपूरक चिह्न

(2) निम्नलिखित में से विस्मयादिबोधक चिह्न पहचानिए —

(क) - (ख) / (ग) ! (घ) ?

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए —

| विराम के नाम | चिह्न |
|---|---|
| (i) इकहरा उद्धरण चिह्न | " " |
| (ii) लाघव चिह्न | ^ |
| (iii) अल्पविराम | , |
| (iv) विवरण चिह्न | :— |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

(क) (i) और (ii) (ख) (iii) और (iv) (ग) (ii) और (iii) (घ) (ii) और (iv)

(4) हमें माता.....पिता का आदर करना चाहिए। रिक्त स्थान पर उपयुक्त विराम चिह्न होगा —

(क) - (ख) ० (ग) ' ' (घ) ;

**प्रश्न 8.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सही उत्तर वाले विकल्प का चयन कीजिए — (2×1=2)

(i) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य निषेधवाचक नहीं है?

(क) धूम्रपान करना निषेध है। (ख) तुम शोर मत करो।

(ग) सोहन नहीं पढ़ रहा है। (घ) वे बाज़ार गए हैं।

(ii) 'अच्छी तरह से अभ्यास करने पर मैडल अवश्य मिल जाता।' इस वाक्य को संकेतवाचक वाक्य में बदलकर लिखिए।

(क) अच्छी तरह से अभ्यास करने पर मैडल नहीं मिलता।

(ख) अरे! अच्छी तरह से अभ्यास करने पर मैडल मिल जाता।

(ग) शायद अच्छी तरह से अभ्यास करने पर मैडल मिल जाता।

(घ) यदि अच्छी तरह से अभ्यास करते, तो मैडल अवश्य मिल जाता।

(iii) किस वाक्य में आदेश का बोध होता है?

(क) इच्छावाचक वाक्य (ख) आज्ञावाचक वाक्य (ग) संकेतवाचक वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

**प्रश्न 9.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प लिखिए :– (5×1=5)

यह महान दृश्य है—
चल रहा मनुष्य है
अश्रु-स्वेद-रक्त से लथपथ, लथपथ, लथपथ!
अग्नि पथ! अग्नि पथ! अग्नि पथ!

(i) 'अग्नि पथ' कविता किसके द्वारा लिखी गई है?

(क) अमिताभ बच्चन (ख) हरिवंशराय बच्चन
(ग) रामधारी सिंह दिनकर (घ) अभिषेक बच्चन

(ii) प्रश्नोक्त पंक्तियों में कवि ने किसका चित्र उकेरा है?

(क) संघर्षशील अग्निपथ पर सतत आगे बढ़ रहे मनुष्य का (ख) अपनी लेखनी का
(ग) अपनी शब्द-योजना का (घ) उपरोक्त सभी

(iii) कवि के अनुसार हम किससे सराबोर होते हुए आगे बढ़ते हैं?

(क) अश्रु-स्वेद-रक्त से (ख) लथपथ होकर (ग) गुस्से में (घ) सैनिक बनकर

(iv) 'पथ' शब्द का अर्थ है—

(क) महान (ख) अग्नि (ग) शंका (घ) रास्ता

(v) कवि के अनुसार जीवन किससे भरा हुआ है?

(क) कठिनाइयों से (ख) ख़ुशियों से (ग) कौशल से (घ) गतिशीलता से

**प्रश्न 10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए: (2×1=2)

(i) 'पीपल के पत्ते-से नए हाथ' किसे बताया गया है? 'ख़ुशबू रचते हैं हाथ' कविता के आधार पर लिखिए।

(क) महिलाओं के हाथों को (ख) बुज़ुर्गों के हाथों को
(ग) युवाओं के हाथों को (घ) बच्चों के हाथों को

(ii) विपत्ति में व्यक्ति का कौन सहायक होता है? 'रहीम के दोहे' पाठ के आधार पर लिखिए।

(क) उसके मित्र (ख) उसके परिवारजन
(ग) उसके द्वारा संचित संपत्ति (घ) उसके रिश्तेदार

**प्रश्न 11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:– (5×1=5)

आकाश के तारों में शुक्र का कोई जोड़ नहीं। शुक्र चंद्र का साथी माना गया है। उसकी आभा-प्रभा का वर्णन करने में संसार के कवि थके नहीं। फिर भी नक्षत्र मंडल में कलगी-रूप इस तेजस्वी तारे को दुनिया या तो ऐन शाम के समय, बड़े सवेरे घंटे-दो-घंटे से अधिक देख नहीं पाती। इसी तरह भाई महादेव जी आधुनिक भारत की स्वतंत्रता के उषाकाल में अपनी वैसी ही आभा से हमारे आकाश को जगमगाकर, देश और दुनिया को मुग्ध करके, शुक्रतारे की तरह ही अचानक अस्त हो गए। सेवाधर्म का पालन करने के लिए इस धरती पर जन्मे स्वर्गीय महादेव देसाई गाँधीजी के मंत्री थे। मित्रों के बीच विनोद में अपने को गाँधीजी का 'हम्माल' कहने में और कभी-कभी अपना परिचय उनके 'पीर-बावर्ची-भिश्ती-खर' के रूप में देने में वे गौरव का अनुभव किया करते थे।

(i) 'अचानक अस्त हो गए।' पंक्ति का भावार्थ है—

(क) मृत्यु को प्राप्त हो जाना (ख) सूर्यास्त होना (ग) जगमगाना (घ) उदित होना

(ii) 'स्वतंत्रता के उषाकाल' का अर्थ क्या है?

(क) स्वाधीनता संग्राम की संध्या (ख) आज़ादी का प्रभात (ग) परतंत्रता (घ) संघर्षमयता

(iii) किस तारे का आकाश में कोई जोड़ नहीं है?

(क) सूर्य का (ख) ध्रुवतारे का (ग) शुक्र का (घ) शुक्र और सूर्य दोनों का

(iv) महादेव भाई गाँधीजी के ................................ थे। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द होगा—

(क) शिष्य (ख) मंत्री (ग) भाई (घ) साथी

(v) प्रस्तुत पाठ के लेखक हैं—

(क) महादेव देसाई (ख) नरहरि दास (ग) महात्मा गाँधी (घ) स्वामी आनंद

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए: (2×1=2)

(i) 'दुःख का अधिकार' पाठ के अनुसार पोशाक हमारे लिए कब बंधन और अड़चन बन जाती है?

(क) समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति को समझते समय (ख) व्यायाम के समय

(ग) कहीं सँकरे ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी मार्ग पर चलते समय (घ) भोजन करते समय

(ii) 'दुःख का अधिकार' पाठ में बुढ़िया के द्वारा झाड़-फूँक करवाने से क्या पता चलता है?

(क) देश में फैले वर्ग-भेद का (ख) देश में फैले अंधविश्वासों का

(ग) देश में फैले जाति-भेद का (घ) उच्च भारतीय संस्कृति का

**खंड – ब**

**प्रश्न 13.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

(1) मध्यमवर्गीय लोग अपने अतिथियों का स्वागत अपनी सीमा से बढ़-चढ़कर क्यों करते हैं? 'तुम कब जाओगे, अतिथि' पाठ के आधार पर लिखिए।

(2) हिमपात किसे कहते हैं? इससे प्रकृति में क्या परिवर्तन आते हैं? 'एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा' पाठ के आधार पर लिखिए।

(3) 'रामन् प्रभाव' की खोज से विज्ञान के क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य संभव हो सके? 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक चंद्रशेखर वेंकट रामन्' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 14.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

(1) कवि रैदास के अनुसार ईश्वर सभी अछूत लोगों का उद्धार करते हैं। पाठ के आधार पर उदाहरण देते हुए इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(2) 'नए इलाक़े में' कविता में कवि अकसर एक घर पीछे या दो घर आगे क्यों चल देता है?

(3) 'गीत-अगीत' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न 15.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए: (3×2=6)

(1) पाठ 'मेरा छोटा-सा निजी पुस्तकालय' में लेखक श्री धर्मवीर भारती ने फ़िल्म देखने के लिए मिले पैसे से पुस्तक ख़रीदी। उस घटना के साथ यह भी बताइए कि आप इससे किन मूल्यों का निष्कर्ष निकाल सकते हैं?

(2) 'कल्लू कुम्हार की उनाकोटी' पाठ के आधार पर बताएँ कि टीलियामुरा कस्बे में लेखक का परिचय किन दो प्रमुख हस्तियों से हुआ? समाज-कल्याण के कार्यों में उनका क्या योगदान था?

(3) कुएँ में उतरकर चिट्ठियों को निकालने संबंधी साहसिक वर्णन को 'स्मृति' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्रश्न 16.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: (6)

(क) बढ़ती महँगाई: कारण एवं निराकरण — * महँगाई बढ़ने के कारण * कालाबाज़ारी में वृद्धि * जनसंख्या और उत्पादन में संतुलन * महँगाई दूर करने के उपाय।

(ख) अवसर को मत खोइए — * मानव-जीवन में अवसर का महत्त्व * बीता हुआ अवसर कभी लौट कर नहीं आता * जीवन में सफलता का मंत्र — अवसर का सदुपयोग।

(ग) विज्ञापनों की दुनिया — * विज्ञापनों का उद्देश्य * विज्ञापनों के विविध प्रकार * विज्ञापनों का हमारे जीवन पर प्रभाव * विज्ञापनों की सामाजिक ज़िम्मेदारी।

**प्रश्न 17.** अपने मित्र/सखी को पत्र लिखकर बताइए कि महानगरीय जीवन दुखद भी है तथा सुखद भी। (6)

**अथवा**

आपने टी० वी० पर अपने गाँव में आई बाढ़ का समाचार देखा। गाँव में रहने वाले अपने चाचा जी को पत्र लिखकर वहाँ का हाल-चाल जानिए।

**प्रश्न 18.** चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/घटना का अपनी कल्पना-शक्ति के आधार पर लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही संबद्ध होना चाहिए। (5)



**प्रश्न 19.** "धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।" — इस विषय पर पिता-पुत्र के मध्य हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (5)

**अथवा**

'डिजिटल इंडिया' के लाभ और हानियों पर दो मित्रों का आपसी संवाद लगभग 100 शब्दों में लिखिए।